गुड़ाखू पर प्रतिबंध के लिए

रायपुर।

हरिभूमि न्यूज . रायपुर

रिम्स में इलाज से लेकर सीटी स्कैन और सोनोग्राफी नि:शुल्क

हरिभूमि न्यूज ,बिलासपुर

रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) में चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा सेवाओं पर भी फोकस किया जा रहा है, रिम्स के सीईओ जसपाल भामरा ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रदेश में बेहतर और किफायती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है।

इस उद्देश्य के लिए हर महीने कॉलेज की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है इसमें सिटी स्केन से लेकर सोनोग्राफी पूरी तरह निःशुल्क की गई है। संस्थान तक पहुंचाने एवं लाने के लिए एस्कार्ट हास्पिटल के सामने हर 2घंटे के अंतराल में बस की सुविधा की गई है

खास बातें

- नि:शुल्क चिकित्सा शिविर फिर से प्रारंभ
- 31 दिसम्बर तक शिविर का आयोजन
- एस्कार्ट से हर दो घंटे के अंतराल पर नि:शुल्क बस सेवा

ट्रामा सेन्टर : संस्थान में सभी सुविधाओं से युक्त ट्रामा सेन्टर उपलब्ध है जो हरेक आपातकालीन स्थिति से निपटने में सक्षम है। जिसमें न्यूरोसर्जन,आर्थोपिडिक सर्जन, मेडिसीन क्रिटीकल केयर की टीम उपलब्ध है।1 दिसम्बर तक सारी सुविधाएं फ्री में उपलब्ध है।

141 चिकित्सक दे रहे सेवाएं

रिम्स में पढ़ाने और चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए 141 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जो 350 बिस्तर अस्पताल और 150 सीट के मेडिकल कॉलेज में सेवाएं दे रहे है, विभाग में सभी सर्जन उपलब्ध है। आर्थोपेडिक विभाग में 8, मस्तिष्क, मूत्ररोग, पेटरोग, कैंसर विभाग में 15, स्त्रीरोग विभाग में 14 सर्जन उपलब्ध हैं।

डिलीवरी भी नि:शुल्क

डिलवरी बिल्कुल निःशुल्क है इसके अलावा ईएनटी, दंतरोग, नेत्र रोग, मानसिक रोग, प्लास्टिक सर्जरी, बच्चों की सर्जरी के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है। विदित हो कि पिछले माह ओपीडी में 16,000 मरीजों ने सुविधा का लाभ लिया है एवं 400 से ज्यादा सर्जरी की गई है।

सिर्फ दवा का खर्च मरीज को

जिसमें कैंसर सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, डेंटल सर्जरी, स्पाईन सर्जरी, की गई है। संस्थान में सभी सुविधा निःशुल्क है जैसे सीटी स्केन,सोनोग्राफी,एक्स-रे,पैथोलॉजी,इको, मरीज के रहने एवं भोजन। मरीज को सिर्फ दवाईयों का खर्च वहन करना पड़ता है।

लिवाली बढ़ने से सोना